हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, रविवार, 19 अक्टूबर, 2025


तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 17.7 डिग्री


16 सर्व समाहित जीवन की भाषा है संस्कृत : योगार्थी





16 राजकीय वमा विद्यालय असरावां ने मारी बाजी









पांच दिवसीय दीपोत्सव के प्रति नजर आया उत्साह

# धनतेरस पर बरसा धन बाजार रहे गुलजार

सर्फा, ऑटोमोबाइल शोरूम, इलेक्ट्रोनिक्स व बर्तन की दुकानों पर रही जबरदस्त भीड़, लोगों ने जमकर की खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

धनतेरस पर लोगों ने शनिवार को जमकर खरीदारी की। हिसार का दिल कहलाने वाली राजगुरु मार्केट समेत शहर के प्रमुख बाजारों में खरीदारी करने के लिए लोगों की भारी भीड़ देखी गई। खासकर सर्राफा, ऑटोमोबाइल्स, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, सजावट के सामान और देवी-देवताओं की मूर्तियों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ी।

- अतिक्रमण हटाने आई निगम टीम और व्यापारियों में धक्का-मुक्की

लोगों ने शुभ मुहूर्त में सोना-चांदी के आभूषण, चांदी के सिक्के, नए वाहन और गृह उपयोगी वस्तुएं खरीदीं। खरीदारी पर लोगों की उमड़ी भीड़ को देखते पुलिस प्रशासन को दिनभर व्यवस्था बनाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बस स्टेंड से जिंदल चौक तक शहर की मुख्य सड़क पर कई स्थानों पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। बीकानेर चौक से क्लॉथ मार्केट मोड़ तक दिनभर लोग जाम में फंस रहे। शहर के मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहने के बावजूद लोगों ने बाजारों में जमकर खरीदारी की।



हिसार। धनतेरस पर खरीदारी के लिए राजगुरु मार्केट में उमड़ी भीड़।

### पुलिस ने बाजारों में रखी कड़ी निगरानी

जिला पुलिस ने दीपावली पर्व के अवसर पर जनसुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सुरक्षा प्रबंध किए हैं। धनतेरस के शुभ अवसर पर शहर के मुख्य बाजारों राजगुरु मार्केट, ओटी मार्केट, कैंप चौक, जवाहर नगर, रेड स्क्वेयर मार्केट सहित अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों व जवानों ने गश्त की और पैदल मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि त्योहारों के दौरान नागरिकों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### निगम टीम व दुकानदारों में हुई बहस

*दीवाली पर व्यवस्था बनाने के मद्देनजर पुलिस व नगर निगम की विभिन्न टीमें लगातार स्थिति पर नजर रख रही है। पुलिस की पीसीआर व राइडर के अलावा पैदल गश्त जारी है। इसी कड़ी में शहर की आर्य समाज मार्केट में निगम टीम व दुकानदारों के बीच काफी देर तक गर्मागर्मी हुई। निगम टीम ने दुकानदारों द्वारा सड़क पर रखा गया सामान उठाने का प्रयास किया तो दुकानदार विरोध करने लगे। उन्होंने निगम टीम पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर केवल कुछ दुकानदारों को परेशान किया जा रहा है। इस पर निगम कर्मचारियों ने कहा कि नियमों के खिलाफ लगाया गया सारा सामान हटाया जाएगा। काफी देर तक दोनों पक्षों में गहमागहमी होती रही, जिसे बाद में शांत करवाया गया।*

### विशेष पेट्रोलिंग और रात्रि गश्त

दीपावली पर्व पर देर रात तक पुलिस की टीमें मुख्य बाजारों, बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन, और रिहायशी इलाकों में सक्रिय रहेंगी। रात्रि गश्त के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं जो लगातार क्षेत्र में निगरानी रखकर नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी। साथ ही, ट्रैफिक पुलिस द्वारा मुख्य चौकों पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अतिरिक्त कर्मी तैनात किए जाएंगे।

### मिठाई और गिफ्ट की ज्यादा खरीद की उम्मीद

इस बार धनतेरस के अवसर पर मिठाई और गिफ्ट की दुकानों पर भी खासी चहल-पहल रही। लोग अपने परिवार और दोस्तों के लिए तोहफे और मिठाइयां खरीदने के लिए आए।

चॉकलेट, गिफ्ट पैक आदि की भी जमकर खरीदारी हो रही है। दुकानदारों ने बताया कि इस बार ग्राहकों में धनतेरस पर खरीददारी के प्रति उत्साह दिखाई दिया।



हिसार। ज्वैलर्स शोरूम में सोने-चांदी की खरीदारी करते ग्राहक।

### धार्मिक वस्तुओं, चांदी के उपहारों की खरीद बढ़ी

इस बार धार्मिक वस्तुओं और चांदी के उपहारों की बिक्री में अच्छी वृद्धि दर्ज की जा रही है। लोग जमकर इन वस्तुओं की खरीद कर रहे हैं। इससे सर्राफा से लेकर धार्मिक पुस्तक व अन्य सामग्री विक्रेताओं के चेहरों पर रौनक है।






पुलिस अलर्ट मोड पर

# चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर



हांसी। पंच दिवसीय त्योहारी सीजन के मद्देनजर लगाए गए नाकों पर तैनात पुलिस।

- त्योहारों की आड़ में गड़बड़ी करने वालों की खैर नहीं : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

धनतेरस, दीपावली, श्री गोवर्धन पूजा सहित अन्य त्यौहारों को देखते हुए जिला पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तरह से अलर्ट मोड़ पर आ गई है, इस दौरान पुलिस की चप्पे-चप्पे पर नजर रहेगी। भीड़ के मद्देनजर जिला पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए मुख्य मार्गों व बाजारों में जिला पुलिस ने करीब 10 नाके लगाए गए हैं। बाजारों तथा भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में बड़े वाहनों को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि पांच दिवसीय त्योहारी सीजन शुरू हो गया है जिसके चलते लोगों ने शॉपिंग व अन्य सामान की खरीदारी करने के लिए शहर आना शुरु कर दिया है। जिसकी वजह से बाजारों में काफी भीड़ शुरू हो गई है। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए है कि अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा की दृष्टि से भीड़ भाड़ वाले बाजारों में नियमित रूप से गश्त करें तथा संदिग्ध व असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। भीड़भाड़ वाले उन बाजारों में जहां महिलाओं का ज्यादा आना-जाना रहता है वहां पर महिला थाना पुलिस की विशेष टीमें गश्त पर रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए है कि पीसीआर, राइडर तथा पैदल गश्त भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में लगातार गश्त करें तथा आने जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति व वाहनों पर नजर रखे।







## शाहरुख को खास सम्मान, दिखाई जाएंगी उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्में

**मुंबई।** शाहरुख खान 2 नवंबर को अपना 60वां जन्मदिन मनाने वाले हैं। एक ओर जहां प्रशंसक अभी से उनके जन्मदिन की तैयारियों में जुट गए हैं, वहीं इस मौके को और खास या कहें यादगार बनाने के लिए पीवीआर इनोक्स ने भी पूरा इंतजाम कर लिया है। मतलब ये कि इस बार शाहरुख के जन्मदिन पर जश्न और भी बड़ा होने वाला है। एक खास फिल्म फेस्टिवल के जरिए उनका जन्मदिन मनाया जाएगा। शाहरुख के जन्मदिन से पहले एक खास फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हो रही है, जो 13 अक्टूबर, 2025 से शुरू होगा और 2 हफ्तों तक चलेगा। इसमें 30 से ज्यादा शहरों और 75 से ज्यादा सिनेमाघरों में शाहरुख की अब तक की बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों को दोबारा बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा।

लाइफStyle



## सोनाक्षी

### 'जटाधरा' का मोशन पोस्टर जारी

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'जटाधरा' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। पिछले महीने निर्माताओं ने इस फिल्म का टीजर जारी किया था। अब 16 अक्टूबर को 'जटाधरा' का नया मोशन पोस्टर जारी कर दिया गया है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'जटाधरा' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। पिछले महीने निर्माताओं ने इस फिल्म का टीजर जारी किया था। अब 16 अक्टूबर को 'जटाधरा' का नया मोशन पोस्टर जारी कर दिया गया है। इसी के साथ ट्रेलर की रिलीज तारीख का खुलासा भी हो गया है। बता दें कि 'जटाधरा' एक पौराणिक थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म को वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल ने मिलकर निर्देशित किया है।

***इस दिन रिलीज होगा 'जटाधरा' का ट्रेलर :*** फिल्म 'जटाधरा' का मोशन पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा, 'जटाधारा की शक्ति प्रकट होगी। दिव्यता के लिए तैयार हो जाइए। जटाधारा का ट्रेलर, 17 अक्टूबर को रिलीज हुआ। पोस्टर में सोनाक्षी ने फिर अपने रौद्र अवतार से दर्शकों का ध्यान खींच लिया है।

वहीं, सुधीर बाबू गले में रुद्राक्ष की माला और माथे पर तिलक लगाए हुए, हाथ में त्रिशूल लेकर खड़े हैं। बता दें कि 'जटाधरा' 7 नवंबर, 2025 को तेलुगु और हिंदी भाषा में रिलीज होगी।

हॉलीवुड मसाला




## पूर्व पीएम ट्रूडो को कर रहीं डेट

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका की मशहूर गायिका कैटी पेरी अपनी निजी जिंदगी को लेकर हमेशा लोगों का ध्यान खींचती रहती हैं। पिछले कुछ वक्त से उनका नाम कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ जुड़ रहा था। इन खबरों को और हवा तब मिली, जब दोनों की यॉट पर किस करते हुए एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। अब लंदन में अपने 'लाइफटाइम टूर' के दौरान कैटी ने संकेत दे दिया है कि वह ट्रूडो के प्यार में गिरफ्तार हैं। 'लाइफटाइम टूर' का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



## रॉस डफर ने सीरीज की रिलीज से पहले दे डाला बड़ा अपडेट...

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स की ओरिजिनल वेब सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के अब तक 4 सीजन आ चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला है। पांचवें सीजन का इंतजार हर किसी को बेसब्री से है। कुछ महीने पहले निर्माताओं ने 'स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5' का टीजर जारी किया था। साथ में एक स्क्रीनशॉट वायरल हुआ, जिसमें दावा किया गया कि सीजन 5 के शुरुआती एपिसोड्स की अवधि 2-3 घंटे के बराबर होगी। अब निर्माता रॉस डफर ने अवधि पर बड़ा अपडेट दिया है। निर्माता डफर ब्रदर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी करते हुए 'स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5' के शुरुआती 4 एपिसोड्स की अवधि का खुलासा किया है। इसमें पहला एपिसोड (द क्रॉल)- 1 घंटा 8 मिनट, दूसरा एपिसोड (द वैनिशिंग)- 54 मिनट, तीसरा एपिसोड (द टर्नबो ट्रैप)- 1 घंटा 6 मिनट और चौथा एपिसोड (जादूगर)- 1 घंटा 23 मिनट का होगा।



## होंगी मेटा एआई की नई आवाज...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण को हाल ही में भारत की पहली 'मेंटल हेल्थ एंबेसडर' नियुक्त किया गया था। अब अभिनेत्री मेटा एआई की नई आवाज बन गई हैं। दीपिका ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए इस बात की जानकारी अपने प्रशंसकों तक पहुंचाई है। साथ ही बताया कि उनकी आवाज अब 6 देशों में सुनाई देगी। अभिनेत्री की इस उपलब्धि से उनके चाहने वाले भी गदगद हो गए हैं। दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम पर रिकॉर्डिंग वीडियो साझा किया है। इसमें वह कहती हैं, 'मैं मेटा एआई की नई आवाज हूं। क्या आप तैयार हैं?' वीडियो के साथ अभिनेत्री ने कैप्शन दिया, 'ये सच में बहुत मजेदार है! अब मैं मेटा एआई का हिस्सा हूं और आप भारत, अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में मेरी आवाज में इंग्लिश में चैट कर सकते हैं।



## 'बाहुबलीः ए एपिक की' हुई धमाकेदार कमाई

**मुंबई।** एसएस राजामौली की निर्देशित आगामी तेलुगु एक्शन फिल्म 'बाहुबलीः द एपिक' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार हो रहा है।प्रभास की 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' (2015) और 'बाहुबली 2ः द कन्क्लूजन' को मिलाकर इस का निर्माण किया गया है। 'बाहुबलीः द एपिक' 31 अक्टूबर, 2025 को रिलीज हो रही है, इसलिए मेकर्स ने एडवांस बुकिंग शुरू कर दी है। दिलचस्प बात ये है कि शुरुआती कुछ घंटों में ही इस फिल्म ने अमेरिका के बाजारों में धमाकेदार शुरुआत की है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'बाहुबलीः द एपिक' ने अमेरिका के बाजार में 100 से ज्यादा शोज के लिए 30,000 से ज्यादा टिकटों की बिक्री कर ली है। इस तरह फिल्म ने रिलीज से पहले ही 53 लाख रुपये से ज्यादा का कारोबार कर लिया है।

टीवी मसाला



## 'बिग बॉस 19': परिवार की चिट्ठी ने नम की घरवालों की आंखें

मुंबई। 'बिग बॉस 19' अपने फिनाले की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 24 अगस्त से शुरू हुए इस शो ने देखते-देखते आधा सीजन पार कर लिया है। 8वें हफ्ते में 'बिग बॉस' ने घरवालों को एक खास तोहफा दिया है। दिवाली के खास मौके पर सभी प्रतियोगियों के परिवार की ओर से चिट्ठियां आई हैं, जिन्हें पढ़ने के बाद सभी घरवालों की आंखें नम हो गईं। आगामी एपिसोड के प्रोमो में प्रणित मोरे और मृदुल तिवारी फूट-फूटकर रोते दिखे हैं।

*कबूतर लाया घरवालों का संदेश :* मेकर्स ने आने वाले एपिसोड का प्रोमो जारी किया है, जिसकी शुरुआत हिट गाने 'चिट्ठी आई है' से होती है। सभी प्रतियोगी गार्डन एरिया में खड़े होते हैं, तभी बिग बॉस उन्हें बताते हैं कि उनके परिवार वालों ने उन्हें खत भेजा है। तभी एक कबूतर आता है, और गार्डन में सभी प्रतियोगियों के नाम की चिट्ठी गिरनी शुरू हो जाती है। सभी प्रतियोगी दौड़कर उन चिट्ठियों को उठाते हैं, और उसे एक-दूसरे के सामने पढ़ना शुरू कर देते हैं।

*प्रणित और मृदुल की आंखें हुईं नम :* प्रतियोगी प्रणित अपने घर से आई चिट्ठी पढ़ते हैं, जिससे उनकी आंखें नम हो जाती हैं। उन्हें देखकर गौरव खन्ना और कुनिका सदानंद भी भावुक हो जाती हैं। इसके बाद मृदुल अपने परिवार की चिट्ठी उठाते हैं, और उसे पढ़कर फूट-फूटकर रोने लगते हैं। प्रोमो देखने के बाद दर्शक भी एपिसोड देखने के लिए बेताब हो चुके हैं। बता दें कि इस हफ्ते 'बिग बॉस 19' से बेघर होने के लिए मृदुल, गौरव, नीलम गिरी और मालती चाहर नॉमिनेट हैं।

### वीकेंड पर आया नया अपडेट, नजर आएंगे ये मेहमान



सलमान खान का रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी मालती चाहर के घर में आने के बाद से गेम और रोमांचक हो गया है। इस बीच वीकेंड का वार की शूटिंग और आने वाले मेहमान को लेकर ताजा अपडेट आ गया है। जाहिर है कि बिग बॉस के प्रशंसकों को वीकेंड का वार का बेसब्री से इंतजार रहता है। अपडेट है कि ये एपिसोड शायद एक दिन पहले टेलीकास्ट हो जाए। अपडेट ये भी है कि दीपावली के कारण 'बिग बॉस 19' वीकेंड का वार 17 अक्टूबर को टेलीकास्ट हो सकता है। वीकेंड का वार में कोई न कोई सितारा आता ही है। पिछले हफ्ते कॉमेडियन रवि गुप्ता और जेमी लीवर आए थे। ताजा अपडेट है कि इस हफ्ते मशहूर गायक शान और जैस्मीन सैंडलस मेहमान बनकर शो में आएंगे। इसके अलावा आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी आगामी फिल्म 'थाम्मा' प्रमोट करने आएंगे। बता दें कि पिछले हफ्ते 'बिग बॉस 19' से जीशान कादरी बाहर हुए थे। इस हफ्ते गौरव खन्ना, मृदुल तिवारी, नीलम गिरी और मालती चाहर नॉमिनेट हैं।

## अगले 80 दिनों में दुनिया के बड़े कलाकार करेंगे दिल्ली में परफॉर्म



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने देशवासियों के साथ एक अहम जानकारी साझा की है, जिसके तहत देश की राजधानी को 'रचनात्मक राजधानी' बनाने की बात कही गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने ऐलान किया कि अगले 80 दिनों में राजधानी में दुनिया के कई बड़े कलाकार परफॉर्म करने वाले हैं। इसका मकसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को साकार करना और दिल्ली टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में कदम बढ़ाना है।

***ये कलाकार दिल्ली में करेंगे परफॉर्म :*** कैबिनेट मंत्री मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पंजाबी पॉप गायक एपी ढिल्लों, अमेरिकन रैपर एकॉन, कनाडाई गायिका जोनिता गांधी, संगीतकार राधिका दास, फुटबाल खिलाड़ी लियोनल मेसी समेत दुनियाभर से कई कलाकार आने वाले दिनों में दिल्ली आकर परफॉर्म करेंगे। ढिल्लों का कॉन्सर्ट दिल्ली आईजीआई स्टेडियम में आगामी 7 दिसंबर को होगा, जबकि एकॉन का कॉन्सर्ट जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 9 नवंबर और जोनिता का कॉन्सर्ट एनएसआई प्रदर्शनी ग्राउंड में 9 नवंबर को तय हुआ है।

## 'थामा' ने 'स्त्री 2' को छोड़ा पीछे

### आयुष्मान-रश्मिका पर लगा सबसे बड़ा दांव

**मुंबई।** दिनेश विजान के हॉरर यूनिवर्स की फिल्म 'थामा' के ट्रेलर ने इसकी रिलीज को लेकर लोगों की उत्सुकता और बढ़ा दी थी। अब जबकि ये हॉरर कॉमेडी फिल्म रिलीज की राह पर चल पड़ी है तो सिनेप्रमियों की बेकरारी भी बढ़ती जा रही है। फिल्म पर नया अपडेट ये है कि 'थामा' मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स की अब तक की सबसे महंगी फिल्म है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना पर कितने करोड़ रुपये का दांव लगा है, आइए जानें।

***145 करोड़ रुपए का दांव :*** मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स की अब तक जितनी भी फिल्में आईं हैं, वो सभी कमाल की रही हैं। लोगों को वो फिल्में पसंद इसलिए भी आईं, क्योंकि वो सभी भारतीय मूल की कहानियों और दंत कथाओं पर आधारित थीं। अब 'थामा' आ रही है। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित वीएफएक्स कंपनियों ने इस पर काम किया है। इस फिल्म पर निर्माताओं ने लगभग 145 करोड़ रुपये लगा लिए हैं। इसमें प्रिंट और प्रचार खर्च भी शामिल है।



### 'स्त्री 2' भी छूट गई पीछे

सूत्र से जानकारी मिली है कि 'थामा' राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर अभिनीत 'स्त्री 2' को पीछे छोड़ते हुए दिनेश विजान के हॉरर यूनिवर्स की सबसे महंगी फिल्म बन गई है। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'स्त्री 2' का कुल बजट प्रिंट और प्रचार सहित 125 करोड़ रुपये था और अब निर्माता दिनेश विजान दर्शकों को और आकर्षित करने के लिए रश्मिका और आयुष्मान पर तगड़ा दांव लगा रहे हैं। 'थामा' की लागत 'स्त्री 2' के मुकाबले लगभग 20 करोड़ रुपये ज्यादा है।

### 'महावतार नरसिम्हा' ने भारत में 250.29 करोड़ रुपए कमाए थे

## आईएमडीबी पर छाईं इस साल आईं ये कन्नड़ फिल्में, एक ने हिला डाला 'सैयारा' का सिंहासन

*मुंबई। इन दिनों कन्नड़ सिनेमा से निकली 'कांतारा चैप्टर 1' बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। रिलीज के पहले ही दिन से ताबड़तोड़ कमाई करने वाली इस फिल्म के हीरो ऋषभ शेट्टी हैं। हिंदी भाषा में भी ये फिल्म जमकर कमाई कर रही है। देश के साथ-साथ विदेशों में भी सुनामी लेकर आई 'कांतारा चैप्टर 1' को इंटरनेट मूवी डाटाबेस पर भी शानदार रेटिंग मिली है। आइए जानें इस साल आईं किन कन्नड़ फिल्मों को सबसे ज्यादा रेटिंग मिली।*

### 'महावतार नरसिम्हा'

होम्बले फिल्म्स की 'महावतार नरसिम्हा' ने तो रिलीज होते ही इतिहास रच दिया था। शानदार विजुअल्स और दिलचस्प कहानी के साथ भारतीय संस्कृति की खूबसूरती को दिखाती इस फिल्म की गूंज न सिर्फ देश,बल्कि दुनियाभर में सुनाई दी। अश्विन कुमार के निर्देशन में बनी 5 भारतीय भाषाओं में रिलीज हुई इस एनिमेटेड फिल्म को आईएमडीबी पर 8.7 रेटिंग मिली है। 15 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने भारत में 250.29 करोड़ रुपये कमाए थे।

### 'एलुमाले'

रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 'एलुमाले' का निर्देशन पुनित रंगास्वामी ने किया और उन्होंने ही इस फिल्म की कहानी लिखी। राना, प्रियंका अचार और जगपति बाबू ने इस फिल्म में अहम भूमिका निभाई थी। 5 सितंबर को ये फिल्म सिनेमाघरों में आई थी। चार करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 5 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म ने भले ही औसत कमाई की, लेकिन आईएमडीबी पर इसे इस साल आईं सभी कन्नड़ फिल्मों में सबसे ज्यादा 9.2 रेटिंग मिली है।



### 'सू फ्रॉम सो'

'सू फ्रॉम सो' रिलीज के बाद सिनेमाघरों में छा गई थी। बंपर कमाई के साथ साल 2025 की सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली फिल्मों में से एक बनी। जेपी थूमिनाड ने इसका निर्देशन किया और इसके लेखक भी वो ही हैं। बिना किसी शोर-शराबे के आई इस फिल्म को बनाने में बस 3 करोड़ रुपये लगे और इसने दुनियाभर में 121 करोड़ रुपये कमाए। आईएमडीबी पर इसे 7.7 रेटिंग मिली है। ये फिल्म जियो हॉटस्टार पर देखी जा सकती है।

### 'कांतारा चैप्टर 1'

'कांतारा चैप्टर 1' बॉक्स ऑफिस पर रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। फिल्म आए दिन नए रिकॉर्ड बना रही है।

फिल्म 400 करोड़ क्लब से इंचभर दूर है। ये 'सैयारा' (329.2 करोड़), 'वॉर 2' (236.55 करोड़) और 'कुली' (285 करोड़) जैसी फिल्मों को पछाड़ चुकी है और अब 'कांतारा चैप्टर 1', 'छावा' के पीछे पड़ी है, जिसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। फिल्म को आईएमडीबी पर 8.6 रेटिंग मिली है।

## खबर संक्षेप

### भगवान धन्वंतरि का पूजन समारोह आयोजित

**बरवाला।** ढाणी गारण मार्ग पर स्थित नैशनल कॉलेज ऑफ आयुर्वेदा एवं अस्पताल में धनतेरस के पावन अवसर पर आयुर्वेद के देवता भगवान धन्वंतरि का भव्य पूजन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार, दीप प्रज्वलन एवं भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा की पारंपरिक पूजा से हुई। इसके उपरांत सभी ने सामूहिक रूप से आरती में भाग लिया और आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परंपराओं को नमन किया।

### स्वास्थ्य विभाग व पुलिस ने लगाया नेत्र जांच शिविर

**हांसी।** पुलिस व स्वास्थ्य विभाग ने मिलकर सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत शनिवार को हांसी बस स्टैण्ड व रामायण टोल प्लाजा पर लगाया फ्री आई चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। पुलिस ने चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। बड़ी संख्या में बस, ट्रक, ऑटो व अन्य वाहन चालकों ने कैंप में भाग लिया और अपनी आंखों की जांच करवाई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चालकों की आई चेकअप, ब्लड प्रेशर जांच तथा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया।

### चोरी का सामान खरीदने का आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी न्यू सुभाष नगर कॉलोनी निवासी मुकेश उर्फ गोला को गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ हांसी में तैनात मुख्य सिपाही मनोज कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने गत दिनों पुट्टी निवासी करण से चोरी का सामान खरीदा था। सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से 13 हजार रुपए बरामद कर कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### रिटायर कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**हिसार।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला प्रधान मनोहर लाल जाखड़ की अध्यक्षता में संगठन कार्यालय में हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव नरेश गौतम ने की। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान मनोहर लाल जाखड़ व जिला सचिव नरेश गौतम ने बताया कि हरियाणा सरकार रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को लेकर पूरी तरह से उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाए हुए है। इसके चलते रिटायर कर्मचारियों में सरकार के खिलाफ रोष बढ़ता जा रहा है।

### आरडीएम सरस्वती स्कूल में 'बैगलेस डे' मनाया

**उकलाना।** आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल में दीपावली के पावन अवसर पर "बैगलेस डे" का विशेष आयोजन किया गया। इस दिन विद्यार्थियों को बिना स्कूल बैग के आने के लिए प्रोत्साहित किया गया, ताकि वे पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों और व्यावहारिक ज्ञान से जुड़ सकें। विद्यालय परिसर में पूरे दिन उत्साह और आनंद का माहौल रहा।

## नामांकन 5 नवम्बर से, मतदान 16 को

# श्रीरामलीला कमेटी कटला के चुनाव की प्रक्रिया शुरू

**प्रारंभिक सूची का प्रकाशन 21 अक्टूबर को किया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। श्रीरामलीला कमेटी कटला के चुनाव के लिए बैठक करते चुनाव अधिकारी, प्रशासक व अन्य अधिकारी।

श्रीरामलीला कमेटी कटला की आवश्यक बैठक रामलीला भवन के कार्यालय में प्रशासक एनके गोयल की अध्यक्षता में हुई जिसमें जिला रजिस्टर फर्म्स एंड सोसाइटीज द्वारा नियुक्त किए गए चुनाव अधिकारी डॉ. यशपाल सिंगला (परीक्षा नियंत्रक जीजेयू) भी उपस्थित हुए।

**आपत्ति दर्ज करवाने की अवधि 22 से 27 अक्टूबर तक रहेगी**

बैठक में रामलीला कमेटी के चुनाव करवाने के कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा के उपरांत चुनाव को सुचारु रुप से करवाने के लिए प्रशासक एन.के. गोयल व चुनाव अधिकारी डॉ. यशपाल सिंगला ने बृजभूषण जैन व संजय मित्तल (सहायक लेखा शाखा जीजेयू) को सह चुनाव अधिकारी तथा सलाहकार सत्यपाल अग्रवाल को अतिरिक्त प्रभार देते हुए प्रवक्ता नियुक्त किया गया। चुनाव अधिकारी डॉक्टर यशपाल सिंगला व प्रशासक एनके गोयल ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया का कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। श्रीरामलीला कमेटी कटला के प्रधान, उपप्रधान, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष व छह कार्यकारी सदस्यों के लिए प्रारंभिक सूची का प्रकाशन 21 अक्टूबर को किया जाएगा। आपत्ति दर्ज करवाने की अवधि 22 से 27 अक्टूबर तक रहेगी। आपत्तियां जिला रजिस्टर फर्म्स एंड सोसाइटीज कार्यालय चौथी मंजिल लघु सचिवालय में दर्ज करवाई जा सकेंगी। आपत्तियों का निपटान 28 अक्टूबर को किया जाएगा।

**नामांकन 5 से**

नामांकन प्रक्रिया 5 व 6 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक होगी। नामांकन पत्रों की जांच 7 नवम्बर को दोपहर बाद 2 बजे से 4 बजे के बीच होगी। नामांकन वापिस लेने की तारीख अगले दिन 8 नवम्बर को 2 बजे से 4 बजे रहेगी। इसी दिन सायं 5 बजे चुनाव चिन्ह आवंटन कर दिये जाएंगे। समस्त चुनावी प्रक्रिया रामलीला भवन, नालबंद गली, सिटी थाना रोड़ पर होगी। मतदान 16 नवम्बर को सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक देवी भवन की नई धर्मशाला में होगा। मतदान की समाप्ति पर तत्काल मतगणना करके परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

**कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया**

# आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में मनाया धनतेरस, भाई दूज एवं दीपावली पर्व




हांसी। सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल निदेशक साहिल यादव व स्कूल प्राचार्य डॉ. नीतीश मिश्र।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर में शनिवार को धनतेरस, भाई दूज, दीपावली एवं विश्व सांख्यिकी दिवस का संयुक्त आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, भाषण एवं झांकी प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित सुंदर झांकी श्रीराम दरबार प्रस्तुत की, इसके साथ ही विद्यार्थियों ने दीपावली पर भाषण दिया, तो कुछ ने भाई दूज और विश्व सांख्यिकी दिवस के महत्व पर अपने विचार साझा किए।

**विश्व सांख्यिकी दिवस के महत्व पर विचार साझा किए**

**शुभकामनाएं दी**

विद्यालय के निदेशक साहिल यादव ने सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार से प्रकाश की ओर, बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या गीता यादव प्राथमिक प्रभारी प्रोमिला यादव, मंजू भारद्वाज एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# दीपावली के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**श्री सनातन धर्म विद्यालय में प्रतियोगिताएं आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। दीपावली पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती स्कूली छात्राएं।

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दीपावली की पूर्व संध्या पर शनिवार प्रातः कालीन सभा में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं के लिए रंगोली बनाओ प्रतियोगिता, कक्षा सजाओ, दीया सजाओ व थाली सजाओ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्या रेनू बंसल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम के दौरान श्री राम स्तुति व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। रंग बिरंगी रंगोलियों, आकर्षक दीप सज्जा और सुंदर कक्षा सजावट ने पूरे विद्यालय का वातावरण उत्सवमय बना दिया। विजेता छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए। विद्यालय संरक्षक सज्जन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक रजत कुमार अग्रवाल, सचिव नकुल कुमार अग्रवाल, सह सचिव ईश्वर कुमार गोयल व कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत गोयल ने सभी को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व आध्यात्मिक रूप से अंधकार पर प्रकाश की विजय को दर्शाता है।

**विजेता छात्राओं को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए**

### तिरुपति धाम में 20 को मनाई जाएगी दिवाली

**हिसार।** श्री तिरुपति बालाजी धाम में एकादशी के पावन अवसर पर भगवान श्री वेंकटेश जी की सवारी शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। प्रातः पूरे विधि-विधान से अभिषेक व पूजा-अर्चना की गई और सायंकाल नियमानुसार मंत्रोच्चारण के साथ भगवान वेंकटेश जी के विग्रह को रथ पर स्थापित पालकी में विराजमान किया गया।

सवारी व शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालु जय श्रीमन्ननारायण, जय गोविंदा व जय भगवान वेंकटेश के जयघोष करते रहे। विशेष बात यह रही कि भक्तों ने अपने हाथों से रथ को खींचकर अपनी आस्था जताई और धाम की परिक्रमा की। शोभा यात्रा के उपरांत श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया।तिरुपति धाम में 20 अक्टूबर को मनाए जाने वाले दीप महोत्सव की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। सायंकाल धाम में सैकड़ों दीए प्रज्ज्वलित किए जाएंगे।

# बाबा बंदा बहादुर स्कूल में दीपोत्सव पर दिखी दीपों की चमक व उमंगों की बहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी




हांसी। दीपावली पर्व पर श्री राम के अयोध्या आगमन का नाटक प्रस्तुत करते स्कूली छात्र।
फोटो : हरिभूमि

बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में दीपावली पर्व का शुभारंभ मां लक्ष्मी व सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया व दीपावली के पावन पर्व पर विशेष प्रातः सभा का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने श्री राम के अयोध्या आगमन से संबंधित झांकी, भजन, नृत्य, रामायण की चौपाइयां प्रस्तुत की। तत्पश्चात कक्षा नौवीं की छात्रा रूपम ने अपने वक्तव्य के माध्यम से दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए त्योहार के धार्मिक व वैज्ञानिक महत्व के बारे में बताया कि यह दिन भगवान श्री राम के 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटने की खुशी में मनाया जाता है। जैन धर्म में इसे भगवान महावीर के निर्वाण दिवस के रूप में दीपालिका व सिख धर्म में श्री गुरु हरगोबिंद सिंह के कैद से रिहा होने पर बंदी छोड़ दिवस के रूप में मनाया जाता है ।

**त्योहार के धार्मिक व वैज्ञानिक महत्व के बारे में बताया**

**पुरुस्कृत किया**

त विद्यालय की अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के अनुसार प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रधानाचार्या लवली चावला द्वारा पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर विद्यालय की प्रधानाचार्या लवली चावला, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर पवन रावल ने सभी को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी ।



हिसार । बालसमंद सब डिवीजन में दीपावली मनाते यूनियन के पदाधिकारी

# बालसमंद बिजली घर में धूमधाम से मनाया दीपावली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बालसमंद सब डिवीजन में दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया। कर्मचारियों में उत्साह और उल्लास देखने को मिला। एचएसईबी यूनियन नेता प्रदीप लोरा ने सभी कर्मचारियों को दीपावली की बधाई दी और उसका महत्व बताया। उन्होंने कहा कि बिजली कर्मचारी का दीपावली के त्यौहार में बड़ा योगदान है हर घर को रोशन करने की जिम्मेदारी उन्हीं पर है। एसडीओ धर्मवीर ने कर्मचारियों की टीम का गठन करके ड्यूटी लगाई ताकि आमजन खुशी के साथ दीपावली का त्यौहार मना सके। इस मौके पर सब यूनिट प्रधान विकास, सचिव संदीप शर्मा, योगेश जेई, विकास जेई, सर्कल सचिव दलबीर, पवन शर्मा, राजवीर जेई, भूपेंद्र रेड्डू, आदि उपस्थित रहे।

# साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी जरूरत नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी : सांगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार । कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण एवं प्रतिभागी।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के साइबर फीनिक्स क्लब की ओर से विद्यार्थियों के लिए 'वेब एप्लिकेशन पेन टेस्टिंग' पर एक हैंड्स-ऑन मास्टर क्लास का आयोजन किया गया। इस सत्र को एटसक्रिप्टजैकर के संस्थापक एवं प्रसिद्ध पैनीट्रेशन टेस्टर पार्थ नारूला ने संबोधित किया। सत्र में वेब एप्लिकेशन फंडामेंटल्स, बर्पसूट एसेंशियल्स, ओवास्प टॉप 10 वल्नरेबिलिटीज तथा बग बाउंटी बेसिक्स जैसे प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विभागाध्यक्ष प्रो. ओपी सांगवान ने वर्तमान समय में साइबर सुरक्षा के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. सांगवान ने कहा कि वर्तमान युग में साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी आवश्यकता नहीं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी भी है।

**'वेब एप्लिकेशन पेन टेस्टिंग' पर हैंड्स-ऑन मास्टर क्लास**

**ये रहे उपस्थित**

*इस अवसर पर साइबर फीनिक्स टीम के मेंटर्स एवं संस्थापक अनुज कुमार, सह-संस्थापक आकाश सहगल, पीयूष बंसल, लक्षिका सोनी, कोर टीम के समन्वयक निशांत, रुद्राक्षी, हर्ष शर्मा, हर्ष राज रंजन, लक्ष्य व नित्या, तकनीकी टीम के प्रमुख उदय, देवदीप, सानिया यादव, याचिका व विकास, मीडिया टीम के यश राज, दुश्यंत, लक्ष्य राणा, हर्षित राज मिश्रा व नित्यांश तथा वेबसाइट टीम की मीरा कैटर व कुनाल फोगाट उपस्थित रहे।*

# कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया दीपावली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना

कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में दीपावली का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, पुष्प मालाओं, दीयों और आकर्षक रंगोलियों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण आलोकित और उत्सवमय दिखाई दे रहा था। निदेशिका काजल धायल ने कहा कि दीपावली हमारे भीतर के अंधकार को मिटाने और प्रकाश के मार्ग पर चलने का संदेश देता है। प्रधानाचार्य जयप्रकाश पांडेय ने कहा कि दिवाली सिर्फ रोशनी का त्योहार नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और नए आरंभ का प्रतीक है।

**दिवाली सिर्फ रोशनी का त्योहार नहीं : पांडेय**



उकलाना । रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

**ये हुई प्रतियोगिताएं**

इस अवसर पर विद्यालय में अंतर-सदनीय रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता, दीया मेकिंग प्रतियोगिता तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने अपनी सृजनशीलता और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया।

## हकृवि में नवनिर्मित मधुमक्खी पालन संग्रहालय का किया उद्घाटन

# प्रशिक्षण देने में अहम भूमिका निभाएगा संग्रहालय : प्रो. काम्बोज

**कुलपति ने शोधार्थियों और वैज्ञानिकों को संबोधित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मधुमक्खी संग्रहालय का निरीक्षण करते हुए।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का मधुमक्खी पालन संग्रहालय शोधार्थियों और किसानों को मधुमक्खी पालन से संबंधित नवीनतम तकनीकों, उपकरणों एवं वैज्ञानिक जानकारी देने में सहायक सिद्ध होगा। यह बात हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कीट विज्ञान अनुसंधान फार्म में नवनिर्मित मधुमक्खी पालन संग्रहालय का उद्घाटन करने के पश्चात शोधार्थियों और वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कही। मधुमक्खी पालन न केवल कृषि की उत्पादकता बढ़ाने में सहायक है बल्कि किसानों की आय दोगुनी करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। संग्रहालय से मधुमक्खी पालन के प्रशिक्षण और अनुसंधान कार्यों को गति देने में भी मदद मिलेगी। मधुमक्खियां जैव विविधता बनाए रखने और पर्यावरण संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मधुमक्खी संग्रहालय ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार सृजन के क्षेत्र में भी मददगार साबित होगा। कीट विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता यादव ने बताया कि किसानों के लिए कृषि कार्य के साथ-साथ मधुमक्खी पालन अतिरिक्त आय का साधन है। मधुमक्खी पालन से किसान शहद, मॉम, रॉयल जेली तथा परागण का व्यवसाय करके अपनी आमदनी में बढ़ोतरी कर सकते हैं।

**अनुसंधान में सहायक**

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि संग्रहालय शोधकर्ताओं और किसानों के लिए मधुमक्खियां के जीवन चक्र प्रजातियां और परगना प्रक्रिया को समझने का उत्कृष्ट माध्यम है। यहां पर आगंतुकों को मधुमक्खी पालन की तकनीक, उपकरण और आधुनिक तरीकों की जानकारी मिलेगी। उन्होंने बताया कि यहां पर शोधार्थी और वैज्ञानिक मधुमक्खियां के व्यवहार, रोग, उत्पादन और पर्यावरणीय प्रभाव पर गहराई से अध्ययन कर सकेंगे। संग्रहालय मधुमक्खी पालन के महत्व और इसके बहुआयामी लाभों को सामने लाने के साथ- साथ कृषि शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में सहायक सिद्ध होगा।




हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व छात्र।

### लुवास के दुग्ध विज्ञान महाविद्यालय में 'प्रतिभा खोज दिवस' का आयोजन

हिसार। लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), के दुग्ध विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर एक 'प्रतिभा खोज दिवस' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका रहे। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. शरणगौड़ा पाटिल ने अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि एवं अन्य सभी गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया और महाविद्यालय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात मां सरस्वती की वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। बी.टेक (दुग्ध प्रौद्योगिकी) के प्रथम वर्ष के छात्रों ने अपनी विविध प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। छात्रों ने क्रमशः मनमोहक गीत, रैंप वॉक, ऊर्जा से भरपूर भांगड़ा, एक गुदगुदाने वाली हास्य नाटिका, हरियाणवी एवं पश्चिमी नृत्य का संगम और एक मनोरंजक हास्य नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद, द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक गरबा नृत्य ने माहौल में एक नया उत्साह भर दिया। इस अवसर पर, मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका ने पूर्व में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे भाषण, पोस्टर बनाना एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### 6.35 ग्राम चिट्टा सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की नशा निरोधक पुलिस टीम ने एक युवक को चिट्टा सहित काबू किया है। टीम प्रभारी उप निरीक्षक इंदर सिंह ने बताया कि टीम द्वारा गश्त व निगरानी के दौरान अनाज मंडी हिसार क्षेत्र में एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए काबू किया गया। पूछताछ में उसकी पहचान रमन उर्फ गोला निवासी अंबेडकर बस्ती के रूप में हुई। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 6 ग्राम 35 मिलीग्राम चिट्टा बरामद हुआ।

### अनुबंधित विद्युत कर्मी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश उपाध्यक्ष रवि श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हेड ऑफिस हिसार में मुख्य प्रशासक (एचआर) रजनीश गर्ग को ज्ञापन सौंपकर सर्विस एक्ट को लागू करवाने की मांग उठाई। संगठन के प्रदेश महासचिव ओमवीर यादव ने बताया कि बैठक बहुत ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई।

### दिव्यांग केंद्र ने प्रदान किए मॉड्यूलर लिम्ब

**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में पांच दिव्यांग बंधुओं को मॉड्यूलर आर्टिफिशियल लिम्ब निशुल्क प्रदान किए गए। दिव्यांग केंद्र की लाला देवी चंद ग्रोवर निशुल्क कृत्रिम अंग निर्माणशाला के माध्यम से इन आधुनिक कृत्रिम अंगों को उपलब्ध करवाया गया। इन कृत्रिम अंगों से दिव्यांग बंधुओं की गतिशीलता में वृद्धि होगी और वे बहुत से कार्य सहज ढंग से कर पाएंगे।

### छात्रों ने मोक्ष वृद्धाश्रम में हवन में लिया हिस्सा

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम का आईडी डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने दौरा करके बुजुर्गों का कुशलक्षेम जाना। स्कूल के विद्यार्थी शैक्षणिक व संस्कार से परिपूर्ण गतिविधियों के अंतर्गत मोक्ष वृद्धाश्रम पहुंचे और उन्होंने पूरा दिन बुजुर्गों के साथ बिताया। इस अवसर पर गीता शर्मा, अंजना सेतिया, विनीता मेहता व संदीप कुमार एवं 75 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### भीख नहीं किताब दो संस्था ने मनाई दिवाली

**हिसार।** भीख नहीं किताब दो संस्था द्वारा संचालित स्वाभिमान अध्ययन केंद्र एवं छात्रावास के प्रांगण में दीपावली के शुभ अवसर पर हवन यज्ञ कर दिवाली दिल से मनाई गई। हवन यज्ञ डॉ. मुकेश कुमार द्वारा करवाया गया। बच्चों को संस्था सदस्यों द्वारा मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दी गई।

### छात्रों ने किया भारतीय मौसम विभाग का दौरा

**हिसार।** दयानंद कॉलेज के भूगोल विभाग के एमएससी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने भारत सरकार के भारतीय मौसम विभाग, मौसम कार्यालय नजदीक गुरू जंभेश्वर यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी का दौरा किया। भारतीय मौसम विभाग की साइंटिफिक असिस्टेंट स्नेहा ने विभिन्न प्रकार के मौसम संबंधी जानकारी दी।

## डाइट में जिलास्तरीय राष्ट्रीय लोक नृत्य एवं भूमिका निर्वहन प्रतियोगिता

# लोक नृत्य में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय असरावां की टीम प्रथम रही





**हिसार।** विजेता टीम को सम्मानित करते अतिथिगण व हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*

**कार्यक्रम में जिला हिसार के सभी 9 खण्डों की टीमों ने भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

राज्य शैक्षिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान परिषद् हरियाणा, गुरुग्राम के निर्देशन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मात्रश्याम (डाइट) में शनिवार को जिला स्तरीय राष्ट्रीय लोक नृत्य एवं भूमिका निर्वहन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य कार्यक्रम डाइट प्रभारी विनीता मल्होत्रा और कार्यक्रम के अध्यक्ष सत्यदेव सिहाग द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। इस कार्यक्रम में जिला हिसार के सभी 9 खण्डों की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में जिला हिसार के सभी 9 खण्डों की खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता प्रथम स्थान प्राप्त टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सरकारी विद्यालयों के 8वीं और 9वीं के विद्यार्थियों ने अपने नृत्य पर दर्शकों को झूमने और ताली बजाने पर मजबूर कर दिया।

### यह रहे परिणाम

लोक नृत्य प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय असरावां (आदमपुर खंड) की टीम ने प्रथम स्थान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भैणी अमीरपुर (नारनौंद खंड) ने द्वितीय स्थान तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खांडा खेड़ी (बास खंड) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। भूमिका निर्वहन प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बालक (बरवाला खण्ड) ने प्रथम स्थान, आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उकलाना (उकलाना खंड) के विद्यार्थियों ने दूसरा स्थान तथा आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अग्रोहा (अग्रोहा खंड) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय राज्य स्तर पर राज्य शैक्षिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान परिषद हरियाणा, गुरुग्राम में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस मौके पर सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और नकद राशि इनाम देकर सम्मानित और प्रोत्साहित किया।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर डाइट मीडिया प्रभारी और इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अजय लोहान, पवन गोयल, सत्यदेव सिहाग, रजत बामल, डॉ. अनीता राजपाल, डॉ. नलिन मालिक, धूपेन्द्र सिंह, डॉ. वजीर सिंह, डॉ. विनोद कुमार, नीतिका, दर्पण, संतोष, सुचेता, डॉ. अनिल बूरा, स्नेहलता चौधरी, पूनम नागपाल, अन्नू खनगवाल, दिनेश शर्मा, डॉ. सतेंद्र कुमार, अनिल कुमार बूरा, रामकुमार सांगवाल, राजेंद्र शर्मा, प्रवीण कुमार समेत सभी सभी खंडों से आए हुए अनेक अध्यापक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में मंच संचालक की भूमिका रजत बामल और डॉ. वजीर सिंह द्वारा निभाई गई।




**हांसी।** दीपावली पर्व पर रामलीला का मंचन करते स्कूली बच्चे। *फोटो: हरिभूमि*

### थाली सजावट में आरती प्रथम रही

# आरपीएस स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपोत्सव

- शिक्षकों व विद्यार्थियों ने ली प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने की प्रतिज्ञा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

बच्चों में निहित आंतरिक गुणों को विकसित करने के लिए आरपीएस पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

इस कड़ी से जुड़ते हुए शनिवार को विद्यालय में दीपावली का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। दीपावली उत्सव के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई।

सर्वप्रथम विद्यालय के संचालक डॉ संदीप देसवाल, प्रधानाचार्या एकता सचदेवा ने दीप प्रज्वलित करके भगवान श्रीराम की आरती की। कक्षा तीसरी से पांचवी के विद्यार्थियों ने राम लीला के माध्यम से श्री राम के जीवन के आदर्शों को दर्शाया व उन्हें अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने की प्रतिज्ञा ली गई।

### वेस्ट मेटेरियल प्रतियोगिता आयोजित

कक्षा नर्सरी से दूसरी के विद्यार्थियों के लिए क्ले मोड्लिंग, दीया व मोमबत्ती सजाना, बैस्ट आउट और वेस्ट मेटेरियल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। वाल हैंगिंग में कक्षा तीसरी की हर्षिता यादव ने प्रथम स्थान, कक्षा चौथी की प्रिया ने पोस्टर मैकिंग में प्रथम स्थान, मड पोट डेकोरेशन में कक्षा पांचवी के अक्षित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बोतल प्लांट पोट में कक्षा छठी की जिया ने प्रथम स्थान, बैस्ट आउट ऑफ वेस्ट मेटेरियल में कक्षा सातवीं के लकी व हर्षिता ने प्रथम स्थान, थाली सजावट प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं की आरती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# सर्व समाहित जीवन की भाषा है संस्कृत

- संस्कृत भारती द्वारा ब्रह्म महाविद्यालय में संस्कृत संभाषण शिविर की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

ब्रह्म महाविद्यालय में संस्कृत भारती द्वारा दस दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर की शुरुआत की गई है। मुख्य अतिथि प्रो. राजबीर आर्य रहे। अध्यक्षता प्राचार्य प्रमोद योगार्थी ने की। प्रथम दिवस उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रमोद योगार्थी ने कहा कि संस्कृत से ही हमारी परंपराओं का पोषण हुआ है। उन परंपराओं का, जिनमें वैदिक, उपनिषद और तमाम पौराणिक, सामाजिक और आर्थिक साहित्य लिखा गया। कौटिल्य का अर्थशास्त्र, वेद, उपनिषद्, गीता, सभी संस्कृत में ही लिखे गए हैं। यह सर्व समाहित भाषा है। संसार का प्रत्येक क्षेत्र इसके बिना कुछ नहीं है। संस्कृत जीवन की भाषा है। डॉ राजबीर ने कहा कि भाषा की लय, प्रवाह, सांगीतिक आस्वाद कहीं है तो संस्कृत में ही है।



**हिसार।** ब्रह्म महाविद्यालय में आयोजित संस्कृत संभाषण शिविर की शुरुआत करते प्राचार्य प्रमोद योगार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

### शिविर में 30 से अधिक छात्रों ने लिया भाग

संस्कृत भारती के जिला मंत्री राजकुमार ने बताया कि इस शिविर के तहत शिक्षक दीपक सरकार द्वारा शिक्षार्थियों को संस्कृत संभाषण में दक्ष बनाया जाएगा। शिविर में 30 से अधिक छात्र शिरकत कर रहे हैं। इस अवसर पर शिविर संयोजक चंदन भी उपस्थित रहे।

# श्री काली देवी विद्या मंदिर में पांच दिवसीय उत्सव

- सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने अंधकार पर प्रकाश की विजय का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर के प्रगति हाउस द्वारा धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा तथा भाई दूज के अवसर पर पांच दिवसीय उत्सव का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक एवं सृजनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अंधकार पर प्रकाश की विजय का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत नर्सरी व यूकेजी के नन्हे-मुन्ने बच्चों के पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों से हुई, जिन्होंने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। कक्षा एलकेजी, पहली व दूसरी के विद्यार्थियों ने सुंदर दीया व मोमबत्ती सजाओ प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। वरिष्ठ वर्ग (कक्षा नौवीं से बारहवीं) के विद्यार्थियों ने मिट्टी के गणेश प्रतिमाएं, दीया स्टैंड, लिप्पन आर्ट, रंगोली तथा फायरलेस कुकिंग जैसी गतिविधियों में अपनी कलात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी।



**हांसी।** दीपावली महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे। *फोटो: हरिभूमि*

### क्राफ्ट सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाई

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक क्राफ्ट सामग्रियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत राम स्तुति से की गई। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने भगवान राम, लक्ष्मी एवं गणेश के रूप में वेशभूषा धारण कर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय प्राचार्या गीता मेहता ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को इन त्यौहारों से मिलने वाले मूल्यों, ज्ञान, विवेक और सच्ची समृद्धि को आत्मसात करने का संदेश दिया।

# धनतेरस धन, स्वास्थ्य और समृद्धि का त्योहार : गर्ग

- अग्रोहा धाम में धनतेरस पर हवन-पूजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अग्रोहा धाम में धनतेरस पर हवन-पूजन कीर्तन व भंडारे का कार्यक्रम अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार जब समुद्र मंथन हुआ उसे समय भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए। इसी कारण यह दिन धनतेरस के नाम पर से प्रसिद्ध है। भगवान धन्वंतरि को स्वास्थ्य और आयुर्वेद के देवता माना जाता है। धनतेरस धन, स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए मनाया जाने वाले महत्वपूर्ण त्यौहार है। धनतेरस पर माता लक्ष्मी जी और भगवान कुबेर की पूजा करके धन वैभव की कामना की जाती है। यह त्योहार दीपावली के पर्व मनाया जाता है।



**हिसार।** अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग धनतेरस पर हवन-पूजन करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पवन गर्ग, निर्माण समिति के संयोजक ऋषि राज गर्ग, संजय गुप्ता, पूर्व महासचिव चूड़ियां राम गोयल, राष्ट्रीय युवा संयोजक अनन्त अग्रवाल, राष्ट्रीय युवा प्रवक्ता राहुल गर्ग, विनोद गर्ग, आनन्द गोयल, आशीष कूकी, लक्ष्मी बंसल, गौरव गोयल, सीए आशीष सिंगला, राम निवास गर्ग, भट्टू प्रधान ब्रह्मानंद गोयल, त्रिलोक कंसल आदि मौजूद थे।

# बैंक ऑफ इंडिया ने पीजीएसडी स्कूल में विजिलेंस वीक मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

बैंक ऑफ इंडिया द्वारा विजीलेंस वीक-2025 के तहत पीजीएसडी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैंक के अधिकारी कमल गोयल ने स्कूली बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करते हुए उन्हें अच्छा नागरिक बनने व भ्रष्टाचार के विरुद्ध शपथ दिलाई। भारत सरकार द्वारा 18 अक्तूबर से 17 नवम्बर तक विजीलेंस अवेरनेस वीक मनाया जा रहा है। स्कूल के छोटे बच्चों ने पेंटिंग बनाई। प्रथम, क्षितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।



**हिसार।** पीजीएसडी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बैंक अधिकारी व स्कूली बच्चे। *फोटो: हरिभूमि*

### ये मौजूद रहे

*इस अवसर पर बैंक की ओर से कमल गोयल, सुरजीत मदान, नितिन भारद्वाज, आकाश चुघ के अलावा स्कूल के प्रिंसीपल सतेन्द्र गोयल, योगेश जोरा, रामनिवास, अनिल सैनी, मुन्नी शर्मा सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।*

## दीपावली देती है सद्गुणों, निष्ठा और भक्ति के प्रकाश से जीवन को आलोकित करने का संदेश : डॉ. एकता सिंधु

**कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं**

# इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में दिवाली पर विशेष सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में दीपावली के पावन अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत ढंग से किया गया। कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें भाषण, नृत्य और गीत शामिल थे। कार्यक्रम का मुख्य विषय थे "राम और हनुमान के बंधन में निष्ठा एवं भक्ति, शौर्य और साहस, सत्य तथा मर्यादा का महत्व।" विद्यार्थियों ने इन मूल्यों को उजागर करते हुए सुंदर प्रस्तुतियां दीं। विशेष आकर्षण रहा वह मंचन जिसमें विद्यार्थियों ने श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी का रूप धारण कर आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन संदेश को जीवंत किया।



**हिसार।** अपनी प्रस्तुति देती इंडस आरपीएस स्कूल की छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*

### अंधकार मिटाओ

इस अवसर पर डॉ. एकता सिंधु ने अपने प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि दीपावली केवल प्रकाश का पर्व नहीं, बल्कि सद्गुणों, निष्ठा और भक्ति के प्रकाश से जीवन को आलोकित करने का संदेश देती है। कार्यक्रम का समापन विद्यालय परिसर में उल्लासपूर्ण वातावरण और 'दीप जलाओ,अंधकार मिटाओ' के संदेश के साथ हुआ।

**26 को पनिहार फार्म हाउस पर रैली**

# धन्यवाद रैली के लिए पूर्व विधायक रेणुका ने ग्रामीणों को दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

आगामी 26 अक्टूबर को नलवा में पनिहार फार्म हाउस पर आयोजित होने वाली धन्यवाद रैली को लेकर पूर्व विधायक रेणुका चौधरी ने शनिवार को विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को रैली में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि यह रैली क्षेत्र के विकास को समर्पित होगी। उन्होंने विधायक रणधीर पनिहार के साथ भेरियां, पातन, टोकस, मुकलान, देवां, सिंघराण, मंगाली आकलान, मंगाली झारा, मंगाली सुरतिया, मंगाली मोहब्बत, मंगाली जाटान, रावतखेड़ा, तलवंडी बादशाहपुर तथा स्याहड़वा में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौ. भजन लाल ने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में आपके बीच रहकर इस क्षेत्र विकास किया, आप लोगों के काम किए। आप जानते ही हो कि उनके शासनकाल के समय यहां नहरी पानी, रोजगार और विकास कार्यों की कोई कमी नहीं थी।



**हिसार।** नलवा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में ग्रामीणों से मुलाकात कर धन्यवाद रैली का निमंत्रण देते हुए पूर्व विधायक रेणुका बिश्नोई व विधायक रणधीर पनिहार।

### मौजूद रहे

इस अवसर पर चेयरमैन अजय गावड़, सुरेन्द्र बेदी, जगदीश, दलबीर धीरणवास, जोगी राम खुंडिया, सुमन कास्वां, राजेश राजलीवाल, सरजीत भेरियां, रोकी कालीरावणा आदि उपस्थित रहे।